हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

अष्टम् सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 66

मंगलवार, 17 मार्च, 2015/26 फाल्गुन, 1936(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

11-00-30 AM

प्रश्नोत्तरः

(I) तारांकित प्रश्नः

तारांकित प्रश्न संख्या 1569 से 1572 तथा 1574 से 1577 तक के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। श्री बम्बर ठाकुर, सदस्य की अनुपस्थिति के कारण तारांकित प्रश्न संख्या 1573 का उत्तर सभा पटल पर रखा गया। तारांकित प्रश्न संख्या 1578 से 1593 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(II) अतारांकित प्रश्नः

अतारांकित प्रश्न संख्या 776 से 778 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

12-00-49 PM

3. **कागजात सभा पटल परः**

(1) **श्रीमती विद्या स्टोक्स, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** ने निम्नलिखित दस्तावेज़ों की एक-एक प्रति सभा पटल पर रखीः-

(i) हिमाचल प्रदेश का आर्थिक सर्वेक्षण, वर्ष 2014-15; और

(ii) हिमाचल प्रदेश संरचना विकास बोर्ड अधिनियम, 2001 की धारा 27 के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश संरचना विकास बोर्ड का 13वां वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2013-14।

(2) **श्री धनी राम शांडिल, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** ने हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम अधिनियम,1979 की धारा 23 (6) के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश पूर्व सैनिक निगम, हमीरपुर की 33वीं वार्षिक प्रशासनिक विवरणिका वर्ष 2013-14 की प्रति सभा पटल पर रखी।

12-01-53 PM

प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष ने विषय की महत्ता के दृष्टिगत अध्यक्षपीठ की आज्ञा से प्रदेश में स्वाईन फ्लू से हो रही मौतों के बारे में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री महोदय का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्हें वक्तव्य देने का आग्रह किया।

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने अद्यतन स्थिति की जानकारी देते हुए वक्तव्य दिया।

प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष ने माननीय मंत्री का धन्यवाद करते हुए स्पष्टीकरण मांगा।

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने स्पष्टीकरण का उत्तर दिया।

प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष ने पुनः कुछ बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण मांगा।

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने उत्तर दिया।

12-10-20 PM

4. सदन की समितियों के प्रतिवेदन :

(1) **श्री रविन्द्र सिंह, सभापति, लोक लेखा समिति (वर्ष 2014-15)** ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **88वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2010-11 (राज्य के वित्त) पर आधारित तथा **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग** से सम्बन्धित है;

(ii) समिति का **89वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 38वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित **पर्यावरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग** से सम्बन्धित है; और

(iii) समिति का **90वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 272वें मूल प्रतिवेदन (ग्यारहवीं विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित **प्रारम्भिक शिक्षा विभाग** से सम्बन्धित है ।

(2) **श्री महेश्वर सिंह, सभापति, मानव विकास समिति (वर्ष 2014-15) ने** समिति का **11वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि **तकनीकी शिक्षा व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग** से सम्बन्धित आश्वासनों के कार्यान्वयन पर आधारित है, की प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

12-11-24 PM

5. नियम-62 के अन्तर्गत ध्यानाकर्षण प्रस्तावः

श्री महेश्वर सिंह ने दिनांक 8 मार्च, 2015 की रात्रि को अधिक वर्षा होने के कारण कुल्लू नगर के वार्ड नम्बर-4 के अन्तर्गत भीषण भू-स्खलन से अनेकों मकान व सड़क को हुई क्षति से उत्पन्न स्थिति की

ओर माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्यरण मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री ने उत्तर दिया।

श्री महेश्वर सिंह ने स्पष्टीकरण मांगा।

माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने स्पष्टीकरण का उत्तर दिया।

सदन की बैठक अपराह्न 12-30-12 बजे बुधवार, दिनांक 18 मार्च, 2015 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई ।